☎ STD 05278 V.C. 246223, 246330 (O)
05278 V.C. 246224, 245209 (R)
Fax V.C. 246330(O), 245209(R)
Registrar- 245957(O), 246042(R)
F.O.- 246386(O)

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

## DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

## स्वतंत्र चेतना, अयोध्या

दिनांकः 19 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्याः 04

# अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### न्याय संबंधी जागरूकता कार्यक्रम में अविवि में ग्रामवासियों को किया जागरूक

**चेतना समाचार सेवा**

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं एक्टिविटी क्लब द्वारा आज 17 जुलाई को ग्राम पंचायत माधवपुर, मसौधा में महिला विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर न्याय संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता साकेत महाविद्यालय, अयोध्या के विधि विभाग के ड0 अजय कुमार सिंह ने सरकार द्वारा ग्रामवासियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विधि में महिलाओं, वृद्धजनों एवं बालकों के अधिकारों की संरक्षा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त स-रकार भी उन अधिकारों की संरक्षा के लिए तसंकल्प है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनबाड़ी योजना, जननी सुरक्षा योजना, मिशन इंद्रधनुष, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है। ड0 अजय ने किसानों को अन्नदाता



बताते हुए कहा कि षि के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो0 तुहीना वर्मा ने ग्रामीण महिलाओं को भारत विक-ास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि देश के कानून में अधिकार प्रदान किए गए हैं लेकिन इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए जागरूक होना होगा। प्रो0 वर्मा ने ग्रामवासियों के सहयोग से नीम, आंवला, बरगद एवं पीपल का वृक्ष रोपित किया। इस अवसर पर मसौधा ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा, अरविंद यादव, अमित वर्मा, विशाल गुप्ता, पंकज गुप्ता, विपिन वर्मा, अमरनाथ पांडे, पदमा देवी, सुशीला यादव, विपुल शर्मा, सोमनाथ यादव, रूबी शर्मा, अनीता, महेंद्र वर्मा, अधीश गुप्ता, पंकज गुप्ता, बबलू शर्मा, नीलम मिश्रा, वल्लभी तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी कोविड प्रोटाकॉल में मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत, लखनऊ

दिनांक: 19 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्या: 08

# अवध विश्वविद्यालय में आनलाइन आवेदन जारी

**अयोध्या (ब्यूरो)।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवदेन की तिथि विस्तारित कर दी है। अब अभ्यर्थी इन कोर्सों में 31 जुलाई, 2021 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2021 थी। यह जानकारी कुलपति ने डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में विश्वविद्यालय सत्र 2021-22 के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के सम्बन्ध बुलाई गई बैठक में विभागाध्यक्षों एवं समन्वयकों के समक्ष कही। बैठक में कुलपति रविशंकर सिंह ने बताया कि कोविड-19 के दृष्टिगत विभिन्न कोर्सों में पांच गुना अधिक आवेदन पर ही प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। इससे कम आवेदन पर प्रवेश समिति के नियमानुसार समस्त विभाग प्रवेश मेरिट के आधार पर छात्रों का प्रवेश लेगा। विवि प्रवेश समिति द्वारा विश्वविद्यालय के संघटक दो राजकीय महाविद्यालय जिसमें राजकीय महाविद्यालय कटरा, चुग्घुपुर, सुल्तानपुर एवं राजकीय महाविद्यालय, भवानीपुर कला इटियाथोक, गोण्डा तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, बीपीएड, एमपीएड एवं एमएड में काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश देगा। बैठक में कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए लगभग 15 हजार अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसमें 6 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रवेश ऑनलाइन फार्म पूर्ण कर लिया है। जिन अभ्यर्थियों ने फार्म पूरित नही किया है उन अभ्यर्थियों से ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से सम्पर्क करने के लिए विश्वविद्यालय प्रवेश समिति को निर्देशित किया है। बैठक में कुलपति ने समस्त विभागाध्यक्ष एवं समन्वयकों से कहा कि इस बार विभिन्न कोर्सों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों की संख्या को भरने का प्रयास करें। इसके लिए अपने स्तर से जो आवश्यक बन सके उसके लिए प्रचार-प्रसार करे। प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रहित को देखते हुए कुलपति प्रो0 सिंह ने स्नातक, परास्नातक, वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2021 थी उसे विस्तारित करते हुए अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2021 कर दी गई है। अभ्यर्थी इन कोर्सों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश ऑनलाइन आवेदन पूर्ण नही किया है वे अभ्यर्थी शीघ्र ही प्रवेश ऑनलाइन फार्म पूर्ण कर ले। बैठक में कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह, प्रो0 अशोक शुक्ल, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एनके तिवारी, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 अनुपम श्रीवास्तव, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 के0के वर्मा, प्रो0 फारूख जमाल, डॉ0 अशोक कुमार राय, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 रमापति मिश्र, डॉ0 डीएन वर्मा, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 सिंधु सिंह, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 शैलेन्द्र सिंह, डॉ0 बृजेश भारद्वाज, इंजीनियर अंकित श्रीवास्तव, इंजीनियर राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

स्मृद्धि न्यूज, लखनऊ

दिनांकः 19 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्याः 08

# अविवि ने किया अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं एक्टिविटी क्लब द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत माधवपुरएमसौधा में महिला विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर न्याय संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता साकेत महाविद्यालयए अयोध्या के विधि विभाग के डॉ0 अजय कुमार सिंह ने सरकार द्वारा ग्रामवासियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से परिचित कराया।उन्होंने कहा कि विधि में महिलाओंएवृद्धजनों एवं बालकों के अधिकारों की संरक्षा प्रदान की गई है।इसके अतिरिक्त सरकार भी उन अधिकारों की संरक्षा के लिए कृतसंकल्प है।इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक होना होगा।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनाए आंगनबाड़ी योजनाएजननी सुरक्षा योजनाएमिशन इंद्रधनुषएसुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैए इनका लाभ ग्रामवासी प्राप्त कर सकते है।डॉ0 अजय ने किसानों को अन्नदाता बताते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं है।इन योजनाएं का लाभ ग्रामवासी प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान कई बच्चों के माता.पिता उनका साथ छोडकर चले गये।इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा बाल सेवा योजना चलाई गई है।इसमें उनकी शिक्षाएदीक्षा एवं रहने की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो0 तुहीना वर्मा ने ग्रामीण महिलाओं को भारत विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि देश के कानून में अधिकार प्रदान किए गए हैएलेकिन इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए जागरूक होना होगा।सरकार द्वारा समय पर ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए कई योजनाएं चला रही है।उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करते रहना चाहिएएइस कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया गया।

# नैतिक आवाज, लखनऊ

दिनांक: 18 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

# अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## न्याय संबंधी जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामवासियों को किया गया जागरूक

नैतिक आवाज ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं एक्टिविटी क्लब द्वारा आज 17 जुलाई 2021 को ग्राम पंचायत माधवपुर, मसौधा में महिला विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के तहत अंतराष्ट्रीय न्याय दिवस पर न्याय संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता साकेत महाविद्यालय, अयोध्या के विधि विभाग के डॉ0 अजय कुमार सिंह ने सरकार द्वारा ग्रामवासियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि विधि में महिलाओं, वृद्धजनों एवं बालकों के अधिकारों की संरक्षा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त सरकार भी उन अधिकारों की संरक्षा के लिए कृतसंकल्प है। इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए ग्रामवासियों को




जागरूकता अभियान चलाते विश्वविद्यालय कर्मी

जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनबाड़ी योजना, जननी सुरक्षा योजना, मिशन इंद्रधनुष, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है इन योजनाओं का लाभ ग्रामवासी प्राप्त कर सकते है।

डॉ0 अजय ने किसानों को अन्नदाता बताते हुए कहा कि कृषि के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं है। इन योजनाएं का लाभ ग्रामवासी प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान कई बच्चों के माता-पिता उनका साथ छोड़कर चले गये।

इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा बाल सेवा योजना चलाई गई है। इसमें उनकी शिक्षा, दीक्षा एवं रहने की व्यवस्था सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो0 तुहीना वर्मा ने ग्रामीण महिलाओं को भारत विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

उन्होंने ग्रामवासियों से कहा कि देश के कानून में अधिकार प्रदान किए गए है। लेकिन इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए जागरूक होना होगा। सरकार द्वारा समय पर ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करते रहना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता एवं अध्यक्षता कर रही प्रो0 वर्मा ने ग्रामवासियों के सहयोग से नीम, आंवला, बरगद एवं पीपल का पौधा रोपित किया।

नैतिक आवाज, लखनऊ

दिनांक: 18 जुलाई, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

प्रदेश लाइव

लखनऊ • अयोध्या

# अविवि के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक कर सकेंगे

## स्नातक, परास्नातक, वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सों में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी

नैतिक आवाज ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। अब अभ्यर्थी इन कोर्सों में 31 जुलाई, 2021 तक आनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2021 थी। यह जानकारी कुलपति ने डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में 16 जुलाई, 2021 दिन शुक्रवार को अपराह्न 3:30 बजे विश्वविद्यालय सत्र 2021-22 के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के सम्बन्ध बुलाई गई बैठक में विभागाध्यक्षों एवं



बैठक करते प्रोफेसर कुलपति रविशंकर सिंह

समन्वयकों के समक्ष कही। बैठक में कुलपति रविशंकर सिंह ने बताया कि कोविड-19 के दृष्गित विभिन्न कोर्सो में पांच गुना अधिक आवेदन पर ही प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। इससे कम आवेदन पर प्रवेश समिति के नियमानुसार समस्त विभाग प्रवेश मेरिट के आधार पर छात्रों का प्रवेश लेगा। विवि प्रवेश समिति द्वारा विश्वविद्यालय के संघटक दो राजकीय महाविद्यालय जिसमें राजकीय महाविद्यालय कटरा, चुग्घुपुर, सुल्तानपुर एवं राजकीय महाविद्यालय, भवानीपुर कला इटियाथोक, गोण्डा तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय, बीपीएड, एमपीएड एवं एमएड में कार्उसिलिंग के माध्यम से प्रवेश देगा। बैठक में कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में सत्र 2021-22 में प्रवेश के लिए लगभग 15 हजार अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसमें 6 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रवेश ऑनलाइन फार्म पूर्ण कर लिया है। जिन अभ्यर्थियों ने फार्म पूरित नही किया है उन अभ्यर्थियों से ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से सम्पर्क करने के लिए विश्वविद्यालय प्रवेश समिति को निर्देशित किया है। बैठक में कुलपति ने समस्त विभागाध्यक्ष एवं समन्वयकों से कहा कि इस बार विभिन्न कोर्सों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सीटों की संख्या को भरने का प्रयास करें। इसके लिए अपने स्तर से जो आवश्यक बन सके उसके लिए प्रचार-प्रसार करे। प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रहित को देखते हुए कुलपति प्रो0 सिंह ने स्नातक, परास्नातक, वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2021 थी उसे विस्तारित करते हुए अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2021 कर दी गई है। अभ्यर्थी इन कोर्सों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश ऑनलाइन आवेदन पूर्ण नही किया है वे अभ्यर्थी शीघ्र ही प्रवेश ऑनलाइन फार्म पूर्ण कर ले।